तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गोविन्दकरण राठौड़** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 78 / 2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09 / 12 / 2024	अपीलार्थी गोविन्दकरण राठौड़ निवासी 79, हनवन्त बी, सेक्टर बी, बीजेएस कॉलोनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 24.06.2024 को केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जोधपुर मण्डल द्वारा प्रेषित पत्र से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्र दिनांक 03.12.2024 से बतलाया कि प्रार्थी को पत्रांक 310 दिनांक 03.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जोधपुर मण्डल का पत्र आवक पंजिका के क्र.सं. 555 दिनांक 31.10.2023 पर दर्ज कर मूल ही मुख्य कार्यकारी जिला परिषद जोधपुर को प्रेषित किया जा चुका है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.[illegible]8:02:09 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12325881